प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-224
01/05/2018

मुख्यमंत्री ने विधि विभाग के सचिव–सह–विधि परामर्शी सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 01 मई 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार सरकार के विधि विभाग के सचिव–सह–विधि परामर्शी सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा के निधन पर गहरी शोक संवदेना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा एक कुशल न्यायिक पदाधिकारी के साथ–साथ कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील व्यक्ति थे। विधि एवं न्याय के क्षेत्र में उनका अहम योगदान था। उनके निधन से विधि, न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******